वीयू – केयर एंड हेल्थ मैनेजमेंट आफ़ वाइल्ड एनिमल्स विथ स्पेशल एंफसिस आन कैपटिव एशियाई एलीफेंट विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

जबलपुर। आज दिनाँक 08.01.2025 को नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, के अंतर्गत स्कूल ऑफ वाईल्डलाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ, जबलपुर में माननीय कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा जी के मार्गदर्शन में चल रही तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें राज्य वन अनुसंधान केन्द्र के संचालक श्री प्रदीप वासुदेवा (आई.एफ.एस.) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को वन्यजीवों का खासकर एशियाई–अमेरिकी हाथियों की देखभाल एवं उनके स्वास्थ्य प्रबंधन से संबंधित जानकारी से अवगत कराया गया। देश के विभिन्न प्रदेशों से आये हुए वन क्षेत्र के आसपास कार्यरत वेटरनरी ऑफिसर एवं वेटरनरी कॉलेज के फैकल्टी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के प्रमाण–पत्र वितरित किये और अपने उद्बोधन में इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण को दैनिक जीवन में उतारते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम के आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सुझाव दिये

कि निकट भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संगोष्ठी कार्यशाला तथा सम्मेलन आयोजित किये जावें, ताकि मध्यप्रदेश में स्कूल ऑफ वाईल्डलाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ, जबलपुर के उल्लेखनीय कार्यों को देश के कोने–कोने में पहुँचाया जा सके, जिससे कि वन्यजीव संरक्षण को युद्ध स्तर पर प्रचुर और शक्तिवान बनाया जा सके। इस प्रशिक्षण

कार्यक्रम में श्री रितेश सिरोठिया जी, स्टेट टाईगर स्ट्राईक फोर्स, भोपाल, डॉ. राकेश कुमार सिंह, उपसंचालक, इटावा लॉयन सफारी उत्तर–प्रदेश, डॉ. इलियाराजा, संचालक, विटनरी सर्विसेस वाईल्डलाईफ एस.ओ.एस. आगरा, डॉ. संदीप अग्रवाल, वन्यप्राणी चिकित्सक, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला एवं संस्था की फैकल्टी का प्रशिक्षण में योगदान रहा।

इसी तारतम्य में पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर. के. शर्मा तथा स्कूल ऑफ वाईल्डलाईफ फॉरेंसिक एण्ड हैल्थ, जबलपुर की संचालिका डॉ. शोभा जावरे ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में की गई समस्त गतिविधियों को एक चल–चित्र के माध्यम से कार्यक्रम के पाठ्यक्रम निर्देशक, डॉ. देवेंद्र पोधाड़े द्वारा किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के सम्मानीय प्रोफेसरर्स, विभिन्न संकायों के विभागाध्यक्ष, फैकल्टी मेंबर्स और प्रशिक्षु विद्यार्थीगण इत्यादि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि राजपूत तथा आभार प्रदर्शन डॉ. काजल कुमार जादव ने किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर